# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 15/10/2024 |
| Exam Time | 9:00 AM - 11:00 AM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** विपुल, आशिमा और प्रिया ने साधारण ब्याज पर क्रमशः 3%, 6% और 5% वार्षिक दर से कुल ₹21,000 का निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में, तीनों व्यक्तियों को ब्याज की बराबर राशि प्राप्त हुई, तो आशिमा द्वारा निवेश की गई राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 3,000 B). 2,000 C). 4,000 D). 5,000

**Correct Answer: D**

**Q.2** 25 गेंदों का क्रय मूल्य 20 गेंदों के विक्रय मूल्य के बराबर है। लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 18% B). 15% C). 16.66% D). 25%

**Correct Answer: D**

**Q.3** 3 वर्षों के लिए 7% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 460 B). 420 C). 360 D). 380

**Correct Answer: B**

**Q.4** एक बेईमान दुकानदार अपने सामान को क्रय मूल्य पर बेचने का दावा करता है। हालाँकि, वह एक ऐसे बाट का उपयोग करता है जिसका वजन वास्तव में उस पर लिखे वजन से 19% कम है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $23\frac{37}{81}\%$ B). $25\frac{74}{81}\%$ C). $24\frac{38}{81}\%$ D). $22\frac{37}{81}\%$

**Correct Answer: A**

**Q.5** एक निवेश में पहले महीने में 15% की वृद्धि होती है, दूसरे महीने में 20% की वृद्धि होती है, और फिर तीसरे महीने में 10% की कमी होती है। यदि प्रारंभिक निवेश ₹5,000 था, तो अंतिम राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 6,210 B). 6,420 C). 6,602 D). 6,340

**Correct Answer: A**

**Q.6** 14 विद्यार्थियों और उनके शिक्षक की औसत आयु 18 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु को हटा दिया जाए, तो औसत में 1 की कमी आ जाती है। शिक्षक की आयु क्या है?

**Ans** A). 37 B). 34 C). 35 D). 32

**Correct Answer: D**

**Q.7** एक लम्ब वृत्तीय बेलन का आयतन 2425.5 $cm^3$ है और इसके आधार का क्षेत्रफल 346.5 $cm^2$ है। बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) कितना है?

**Ans** A). 588 B). 364 C). 284 D). 462

**Correct Answer: D**

**Q.8** त्योहारी सीज़न के दौरान एक थोक व्यापारी घोषणा करता है कि वे '4 शर्ट खरीदें, एक मुफ्त पाएं' की योजना की पेशकश कर रहे हैं, तो व्यापारी द्वारा दिया गया निवल छूट प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 20% B). 10% C). 15% D). 5%

**Correct Answer: A**

**Q.9** एक व्यक्ति 300 मीटर की दूरी से एक अन्य व्यक्ति को किसी महिला से चेन छीनते हुए देखता है। वह दौड़ना शुरू करता है और 10 km/h की चाल से कुल 1.5 km की दूरी तय करने के बाद चोर को पकड़ लेता है। चोर किस चाल से दौड़ रहा था?

**Ans** A). 9.5 km/h B). 8 km/h C). 8.5 km/h D). 9 km/h

**Correct Answer: B**

Q.10 एक धावक 36 सेकंड में 300 मीटर की दौड़ पूरी करता है। धावक की चाल km/h में कितनी है?

Ans A). 24 B). 30 C). 48 D). 36

Correct Answer: B

Q.11 6 वर्षों के लिए 8% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1400 B). 1480 C). 1380 D). 1440

Correct Answer: D

Q.12 एक पैमाने की अधिकतम संभव लंबाई कितनी है, जो 250 cm, 420 cm और 710 cm लंबाई के कपड़े को सटीक रूप से माप सकती है?

Ans A). 460 cm B). 170 cm C). 71 cm D). 10 cm

Correct Answer: D

Q.13 एक लंब वृत्तीय शंकु की त्रिज्या और ऊंचाई का अनुपात 7 : 24 है और इसका आयतन 1232 $cm^3$ है। शंकु का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans A). 704 $cm^2$ B). 862 $cm^2$ C). 826 $cm^2$ D). 628 $cm^2$


Correct Answer: A

Q.14 यदि 40, 50 और 60 विद्यार्थियों के तीन बैचों के औसत अंक क्रमशः 50, 60 और 75 हैं, तो सभी विद्यार्थियों के औसत अंक कितने हैं?

Ans A). 70.00 B). 61.25 C). 63.33 D). 65.50

Correct Answer: C

Q.15 नीचे दिया गया दंड आलेख किसी स्कूल में विभिन्न कक्षाओं में छात्रों की संख्या को दर्शाता है। नीचे दिए गए आलेख का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए




कक्षा 8, 9, 11 और 12 में छात्रों की औसत संख्या और कक्षा 6, 7, 8, 9, 10 और 12 में छात्रों की औसत संख्या का अनुपात क्या है?

Ans A). 194 : 201 B). 201 : 194 C). 121 : 291 D). 291 : 101

Correct Answer: B

**Q.16** दी गई तालिका में कंपनी C, D, E और F द्वारा सेवाओं A और B की लागत पर विचार करें।

| कंपनी ↓ \ सेवा → | A | B |
|---|---|---|
| C | 100 | 120 |
| D | 90 | 110 |
| E | 88 | 115 |
| F | 104 | 108 |

कंपनी E द्वारा सेवा A की लागत की तुलना में सेवा B के लिए कितनी प्रतिशत अधिक लागत ली जाती है?

**Ans** A). 36.08% B). 38.06% C). 30.68% D). 30.33%

**Correct Answer: C**

---

**Q.17** यदि किसी आयत का विकर्ण 16 cm लंबा है और इसका परिमाप 48 cm लंबा है, तो आयत का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 120 $cm^2$ B). 160 $cm^2$ C). 140 $cm^2$ D). 148 $cm^2$

**Correct Answer: B**

---

**Q.18** जब 40 विद्यार्थियों वाली कक्षा विज्ञान की परीक्षा देती है, तो 25 विद्यार्थियों का औसत स्कोर 80 था, और शेष विद्यार्थियों का औसत स्कोर 90 था। पूरी कक्षा का औसत स्कोर कितना था?

**Ans** A). 82.75 B). 83.75 C). 81.75 D). 80.75

**Correct Answer: B**

---

**Q.19** एक क्रिकेट खिलाड़ी का 40 पारियों में बल्लेबाजी का औसत 60 रन है। एक पारी में उसका उच्चतम स्कोर उसके न्यूनतम स्कोर से 110 रन अधिक है। यदि इन दोनों पारियों को हटा दिया जाए तो शेष 38 पारियों का औसत स्कोर 58 है। उसका उच्चतम स्कोर ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 290 B). 220 C). 153 D). 310

**Correct Answer: C**

---

**Q.20** एक मनोरंजन उद्यान में, सभी राइड का किराया एक समान है, और उद्यान के लिए प्रवेश टिकट पर ₹180 का अतिरिक्त खर्च आता है। रोहन ने 15 राइड ली और उसने उद्यान में अपनी यात्रा के लिए कुल ₹1,380 का भुगतान किया। यदि रोहन 20 राइड का विकल्प चुनता है, तो उसे मनोरंजन उद्यान में अपनी यात्रा के लिए कुल कितना (₹ में) भुगतान करना होगा?

**Ans** A). 1840 B). 1780 C). 1760 D). 1800

**Correct Answer: B**

---

## Section : Reasoning Ability and Problem Solving

**Q.1** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है और पैटर्न को पूरा कर सकती है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| N Y | P 3 | N O | Y 3 | ? |
| O | Y | P | O | |
| 3 P | O N | 3 Y | P N | |

**Ans**

| A). | B). | C). | D). |
|---|---|---|---|
| N P | N P | N Y | N P |
| Y | 3 | 3 | O |
| 3 O | O Y | O P | 3 Y |

**Correct Answer: A**

**Q.2** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(9, 63, 7)
(27, 189, 21)

**Ans** A). (45, 310, 35) B). (45, 315, 35) C). (40, 315, 35) D). (45, 315, 33)

**Correct Answer: B**

**Q.3** VOJP अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित प्रकार से SLGM से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार XQLR, UNIO से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ZSNT निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). WPQK B). PWKQ C). PWQK D). WPKQ

**Correct Answer: D**


**Q.4** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 4, 32 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 11, 88 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 6 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)


**Ans** A). 56 B). 36 C). 42 D). 48

**Correct Answer: D**

**Q.5** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।




**Ans**

A). 


B). 

C). 


D). 


**Correct Answer: B**


**Q.6** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: A**

**Q.7** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

YDY, WGT, UJO, SMJ, ?

**Ans** A). QPE B). PPD C). PPE D). PPF

**Correct Answer: A**

**Q.8** सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। C के दाएं से गिनने पर C और G के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E, G के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। E के बाएं से गिनने पर E और F के बीच में ठीक एक व्यक्ति बैठा है। D, B के ठीक बाएं बैठा है। A के बाएं से गिनने पर, A और D के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). 4 B). 3 C). 2 D). 1

Correct Answer: C

**Q.9** किसी निश्चित कूट भाषा में 'CAREER' को 'EBTFGS' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'CARING' को 'EBTJPH' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'CENTER' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans** A). EFPUGS B). EFPVGS C). DGOVFT D). DFPVFT

Correct Answer: A

**Q.10** यदि '+' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

18 ÷ 5 + 8 × 4 − 3 = ?

**Ans** A). 85 B). 78 C). 83 D). 91

Correct Answer: D

**Q.11** FD7, KI12 से एक निश्चित प्रकार से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार, PN18, US23 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए AY21 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). FD25 B). HF26 C). FD26 D). HF25

Correct Answer: C

**Q.12** दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

647 614 581 548 515 ?

**Ans** A). 505 B). 402 C). 491 D). 482

Correct Answer: D

**Q.13** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:

- कोई किताब, कॉपी नहीं है।
- सभी पत्थर, किताबें हैं।

निष्कर्ष:

(I) कोई कॉपी, पत्थर नहीं है।

(II) सभी किताबें, पत्थर हैं।

**Ans** A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। B). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। C). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। D). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।


Correct Answer: C

**Q.14** किसी कूट भाषा में, 'HWCY' को 'KBJH' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'REPU' को 'UJWD' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'AXMQ' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?


**Ans** A). CBSY B). DCTZ C). DBTY D). ECUZ


Correct Answer: B


**Q.15** उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति सन्निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।




**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

Correct Answer: B

**Q.16** एक निश्चित कूट भाषा में, 'MANAGE' को 'IKEREQ' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'RACE' को 'IGEV' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'SYMPHONY' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). CRSLTPCW B). CRSLTRCW C). CRSLSQCW D). CRSLTQCW

Correct Answer: D

**Q.17** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**
**कुछ शाखाएँ, पत्तियाँ हैं।**
**कुछ पत्तियाँ, केबल हैं।**

**निष्कर्ष:**
**(I) कम से कम कुछ केबल, शाखाएँ हैं।**
**(II) कुछ केबल, पत्तियाँ हैं।**

Ans A). न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। B). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। C). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। D). दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं।

**Correct Answer: C**

**Q.18** एक निश्चित कूट भाषा में 'DONE' को '7139' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TERM' को '6874' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

Ans A). 6 B). 7 C). 8 D). 9

**Correct Answer: B**

**Q.19** निम्नलिखित समीकरण को सही बनाने के लिए किन दो संख्याओं को आपस में बदला जाना चाहिए?

**(15 ÷ 3)× 11 + 48 −21 × 2 + 8 = 57**

**(नोट: अदला-बदली पूरी संख्या की होनी चाहिए, न कि दी गई संख्या के अलग-अलग अंकों की।)**

Ans A). 15 और 48 B). 11 और 8 C). 15 और 21 D). 21 और 8

**Correct Answer: B**

**Q.20** M, N, O, P, Q, R और S एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। R और P दोनों का निकटतम पड़ोसी Q है। M, R के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। O, M के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। S, O का निकटतम पड़ोसी नहीं है। यदि 'M' से आरंभ करते हुए सभी व्यक्तियों को वर्णानुक्रम में घड़ी की सुई की दिशा में क्रमबद्ध रूप से बिठाया जाए, तो कितने व्यक्तियों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans A). चार B). पाँच C). छः D). सात

**Correct Answer: D**

Section : **General Awareness**

**Q.1** कोविड-19 जैसा रोग एक प्रकार का ______ है।

Ans A). जलजनित रोग B). पशुजन्य रोग C). खाद्य जनित रोग D). प्रोटीन की कमी से होने वाला रोग

**Correct Answer: B**

**Q.2** तमिल समुदाय द्वारा प्रत्येक वर्ष जनवरी में निम्नलिखित में से कौन-सा फसल और सांस्कृतिक त्यौहार मनाया जाता है?

Ans A). विशु B). थेय्यम C). मकरविल्लक्कु D). पोंगल

**Correct Answer: D**

**Q.3** स्वतंत्रता आंदोलन की ग्रैंड ओल्ड लेडी (Grand Old Lady) के रूप में किसे प्रसिद्ध रूप से जाना जाता है?

Ans A). मैडम कामा B). उषा मेहता C). सरोजिनी नायडू D). अरुणा आसफ़ अली

**Correct Answer: D**

**Q.4** वर्ष 2021 में प्रकाशित उपन्यास 'लाइफ एंड डेथ ऑफ संभाजी (Life and Death of Sambhaji)' के लेखक कौन हैं?

Ans A). मेधा देशमुख भास्करन B). अमीश त्रिपाठी C). रीता बनर्जी D). चित्रा बनर्जी दिवाकरुणि

**Correct Answer: A**

**Q.5** भारत में पहली सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप (Senior Women's National Football Championship) किस वर्ष आयोजित की गई थी?

Ans A). 1995 B). 1992 C). 2000 D). 1950

**Correct Answer: B**

**Q.6** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 163 के अनुसार मंत्रियों द्वारा ________ को दी गई किसी भी सलाह की किसी भी अदालत में पूछताछ नहीं की जाएगी।

Ans A). राज्यपाल B). मुख्यमंत्री C). मुख्य न्यायाधीश D). राष्ट्रपति

**Correct Answer: A**

**Q.7** निम्नलिखित में से कौन ओडिशा के/की नृत्य गुरु हैं जिन्हें ओडिसी नृत्य शैली को पुनर्जीवित करने का श्रेय दिया जाता है?

Ans A). सुजाता महापात्रा B). वैजयंती माला C). केलुचरण महापात्रा D). बिरजू महाराज

**Correct Answer: C**

**Q.8** **स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र में हरित पादपों द्वारा अवशोषित सूर्य के प्रकाश की ऊर्जा का प्रतिशत लगभग ___ होता है।**

Ans A). 2% B). 1% C). 0.5% D). 1.5%

Correct Answer: B

**Q.9** **2023 में, प्रथम चरण में एक लाख प्राचीन शिलालेखों के डिजिटलीकरण के साथ डिजिटल पुरालेख संग्रहालय (digital epigraphy museum) में किस संग्रह (repository) को स्थापित करने का प्रस्ताव है?**

Ans A). भारत शेयर्ड रिपॉजिटरी ऑफ इनस्क्रिप्शंस (Bharat Shared Repository of Inscriptions)

B). प्रोग्रेसिव रिपॉजिटरी ऑफ इंडिजेनस फोकलोर (Progressive Repository of Indigenous Folklore)

C). इंडियन रिपॉजिटरी ऑफ क्लासिकल कॉइन्स (Indian Repository of Classical Coins)

D). अमृत रिपॉजिटरी ऑफ न्यूमिस्मैटिक कलेक्शन (Amrit Repository of Numismatic Collection)

Correct Answer: A

**Q.10** **2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में भारत में बौद्ध आबादी का प्रतिशत सबसे अधिक है?**

Ans A). हिमाचल प्रदेश B). अरुणाचल प्रदेश C). कर्नाटक D). सिक्किम

Correct Answer: D

**Q.11** **−273.15°C तापमान _________ कहलाता है।**

Ans A). जल का हिमांक B). शून्य-बिंदु ऊर्जा C). मानक तापमान D). परम शून्य तापमान

Correct Answer: D

**Q.12** **2022 में छऊ नर्तक सिबा प्रसाद दास (Siba Prasad Das) को निम्नलिखित में से किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया?**

Ans A). पद्म श्री B). उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ाँ युवा पुरस्कार C). संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप D). संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार

Correct Answer: D

**Q.13** **1836 में, _______ भारत के गवर्नर जनरल बने।**

Ans A). रॉबर्ट क्लाइव (Robert Clive) B). लॉर्ड हेस्टिंग्स (Lord Hastings) C). लॉर्ड कर्जन (Lord Curzon) D). ऑकलैंड के अर्ल (Earl of Auckland)

Correct Answer: D

**Q.14** **राजस्थान में प्रसिद्ध महलों (पैलेस) और उनके स्थानों के सही संयोजन का चयन करें।**

Ans A). उम्मेद भवन पैलेस - उदयपुर B). ताज लेक पैलेस - जयपुर C). रामबाग पैलेस - जोधपुर D). लालगढ़ पैलेस - बीकानेर

Correct Answer: D

**Q.15** **राष्ट्रकूट राजा दंतिदुर्ग द्वारा परास्त अंतिम चालुक्य शासक _________________ था।**

Ans A). विक्रमादित्य प्रथम B). पुलकेशिन द्वितीय C). विक्रमादित्य द्वितीय D). कीर्तिवर्मन द्वितीय

Correct Answer: D

**Q.16** **भारत में आजादी के दौर में निम्नलिखित में से कौन-सी सूक्ष्म-वित्त इकाइयाँ स्थापित की गईं?**

Ans A). संयुक्त देयता समूह B). ग्रामीण मॉडल बैंक C). स्वयं सहायता समूह D). ग्रामीण सहकारिता

Correct Answer: D

**Q.17** **फरवरी 2023 में, हिमाचल प्रदेश के नए राज्यपाल के रूप में किसे नियुक्त किया गया?**

Ans A). सत्यदेव नारायण आर्य B). कलराज मिश्र C). बंडारू दत्तात्रेय D). शिव प्रताप शुक्ला

Correct Answer: D

**Q.18** **भारत में जीवी राजा मेमोरियल ट्रॉफी, सर आशुतोष मुखर्जी ट्रॉफी और संतोष ट्रॉफी निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित हैं?**

Ans A). फुटबॉल B). टेनिस C). क्रिकेट D). हॉकी

Correct Answer: A

**Q.19** **वर्ष 1854 में भारत में पहली सफल कपड़ा मिल निम्नलिखित में से किस शहर में स्थापित की गई थी?**

Ans A). बॉम्बे B). भोपाल C). कलकत्ता D). नई दिल्ली

Correct Answer: A

**Q.20** **निम्नलिखित में से कौन-सी नदी घाटी, भारत में कोयला भंडारों (coal deposits) के लिए नहीं जानी जाती है?**

Ans A). गोदावरी B). महानदी C). सोन D). सतलुज

Correct Answer: D

**Q.21** **चिट्टी बाबू (Chitti Babu) निम्नलिखित में से किस संगीत वाद्ययंत्र के प्रसिद्ध वादक हैं?**

Ans A). सारंगी B). मृदंग C). वीणा D). नादस्वरम

Correct Answer: C

**Q.22** **राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांत निम्नलिखित में से किससे प्रभावित हैं?**

Ans A). फ्रांसीसी मानवाधिकार घोषणापत्र B). गांधीवादी विचारधारा C). इंग्लैंड की विधि संहिता D). अमेरिकी स्वतंत्रता घोषणापत्र

Correct Answer: B

**Q.23** **दिन के किस समय पानी में घुलित ऑक्सीजन की मात्रा सबसे कम हो जाती है?**

Ans A). शाम के समय में (In the evening) B). रात के समय में (At night time) C). दोपहर में (In the afternoon) D). भोर में (In the dawn)

Correct Answer: D

**Q.24** **प्रारंभिक वैदिक अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से _________ गतिविधि पर आधारित थी।**

**Ans** A). व्यापार (trading) B). चारागाह (pastoral) C). कृषि (agricultural) D). लौह अयस्क खनन (Mining Iron ore)

**Correct Answer: B**

**Q.25** **आयु संरचना (Age Structure) क्या दर्शाती है?**

**Ans** A). आश्रितों से बनी आबादी के हिस्से की, कार्यशील आयु वर्ग के हिस्से से तुलना करने वाला एक उपाय

B). एक निश्चित समयावधि में किसी दिए गए क्षेत्र में प्रति 100 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या

C). एक निश्चित समयावधि में किसी दिए गए क्षेत्र में प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या D). कुल जनसंख्या के सापेक्ष विभिन्न आयु समूहों में व्यक्तियों का अनुपात

**Correct Answer: D**

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** **Select the option that will improve the underlined part of the given sentence.**

**Seizing the opportunity, Akhil decided to <u>take the bull with the horns</u>.**

**Ans** A). take the bull at the horns B). take the bull by the horns C). take the bull on the horns D). take the bull in the horns

**Correct Answer: B**

**Q.2** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**
**Like a bat out of hell**

**Ans** A). Very fast and wildly B). In a bad situation C). Defeated D). Impossible

**Correct Answer: A**

**Q.3** **In the following sentence the underlined part contains as error. Alternatives to the underlined part are given as options. Select the correct alternative.**
**He is <u>truest</u> to his words.**

**Ans** A). truly B). truer C). true D). most truly

**Correct Answer: C**

**Q.4** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**

**at top of your lungs**

**Ans** A). exhausted B). pretend superiority C). extremely loudly D). extremely silly

**Correct Answer: C**

**Q.5** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**Please _____ with me for a while**

**Ans** A). bare B). bar C). bear D). bairn

**Correct Answer: C**

**Q.6** **Select the most appropriate option to substitute the underlined segment in the given sentence.**

**Heba <u>dropped of the club unexpectedly</u> to say hello and catch up.**

**Ans** A). dropped besides the club unexpectedly B). dropped for the club unexpectedly C). dropped between the club unexpectedly D). dropped by the club unexpectedly

**Correct Answer: D**

**Q.7** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**_________ we gave them was some homemade ice cream.**

**Ans** A). Which B). While C). When D). What

**Correct Answer: D**

**Q.8** **Select the most appropriate synonym of the underlined word.**
**Her <u>austere</u> lifestyle reflected her minimalist approach to living.**

**Ans** A). Happy B). Sombre C). Luxurious D). Giddy

**Correct Answer: B**

**Q.9** **Select the option that correctly rectifies the underlined spelling error in the given sentence.**
**Women and children were often employed in the textile industry during the first <u>centuary</u> of industrialisation.**

**Ans** A). centurie B). centuari C). century D). centuarie

**Correct Answer: C**

**Q.10** **Select the option that rectifies the spelling error in the following sentence.**

**In his persuit of excellence, he forgot to take care of his health.**

**Ans** A). pursuit B). persoot C). persuite D). pursuite

**Correct Answer: A**

**Q.11** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**The rising interest in and concern about animal welfare resulted in legislative laws and the formation of The Animal _____________ Committee in many nations.**

**Ans** A). Customs B). Considers C). Ethics D). Resistant

**Correct Answer: C**

**Q.12** **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word.**
**You seem to be mean to your seniors.**

**Ans** A). apathetic B). rude C). sympathetic D). modest

**Correct Answer: C**

**Q.13** **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.**

**Although our new boss knew he was wrong, he was too obstinate to accept that.**

**Ans** A). Flexible B). Adamant C). Competent D). Fearless

**Correct Answer: A**

**Q.14** **Identify the word that can replace the INCORRECTLY spelt word in the given sentence.**

**The explorer discovered a hiddden cave deep in the heart of the jungle.**

**Ans** A). hiddenn B). hiddeen C). hidden D). hiden

**Correct Answer: C**

**Q.15** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**
**Sam and Teena / had wondering / what to do this weekend.**

**Ans** A). what to do this weekend B). No error C). had wondering D). Sam and Teena

**Correct Answer: C**

**Q.16** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**The sky is covering / with dark clouds and / I hope soon it / will begin to rain.**

**Ans** A). I hope soon it B). The sky is covering C). with dark clouds and D). will begin to rain

**Correct Answer: B**

**Q.17** **The given sentence is divided into three segments. Select the option that has the segment with a grammatical error. If there is no error, select 'No error'.**
**The committee has careful / considered the report which you sent us / and has decided to take action.**

**Ans** A). considered the report which you sent us B). The committee has careful C). and has decided to take action. D). No error

**Correct Answer: B**

**Q.18** **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Procrastination**

**Ans** A). Eagerness B). Timidness C). Hawing D). Hesitance

**Correct Answer: A**

**Q.19** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**
**This is the best novel / I have read, / in a very long time.**

**Ans** A). in a very long time B). I have read C). This is the best novel D). No error

**Correct Answer: D**

**Q.20** **In the following sentence the underlined part contains as error. Alternatives to the underlined part are given as options. Select the correct alternative.**
**He was studying in the dimmer light.**

**Ans** A). most dim B). dim C). dimmest D). more dim

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Language is a powerful device that (1)____________ communication and interaction between individuals. It serves as a crucial tool for expressing thoughts, emotions, and ideas. (2)____________ richness of language can be observed in various forms, including spoken and written interaction. People employ language to convey their intentions, share knowledge, and build relationships. It is a fundamental aspect of human interaction and plays a vital role in shaping societies and cultures. Without language, cooperation would be (3)____________, as it serves as the foundation for collaboration and understanding among diverse communities. Furthermore, language is dynamic and stationary, evolving over time to adapt to changing environments. New words are (4)____________ into the vocabulary, reflecting advancements in technology, science and culture. The ability to modify and adapt language is a key aspect of linguistic competence. (5)____________, the importance of language cannot be underestimated. It is a fundamental tool for human expression and interaction, facilitating the exchange of ideas and the formation of connections among people.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). delays B). experiences C). qualifies D). facilitates

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Language is a powerful device that (1)____________ communication and interaction between individuals. It serves as a crucial tool for expressing thoughts, emotions, and ideas. (2)____________ richness of language can be observed in various forms, including spoken and written interaction. People employ language to convey their intentions, share knowledge, and build relationships. It is a fundamental aspect of human interaction and plays a vital role in shaping societies and cultures. Without language, cooperation would be (3)____________, as it serves as the foundation for collaboration and understanding among diverse communities. Furthermore, language is dynamic and stationary, evolving over time to adapt to changing environments. New words are (4)____________ into the vocabulary, reflecting advancements in technology, science and culture. The ability to modify and adapt language is a key aspect of linguistic competence. (5)____________, the importance of language cannot be underestimated. It is a fundamental tool for human expression and interaction, facilitating the exchange of ideas and the formation of connections among people.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). A B). An C). The D). No article

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Language is a powerful device that (1)____________ communication and interaction between individuals. It serves as a crucial tool for expressing thoughts, emotions, and ideas. (2)____________ richness of language can be observed in various forms, including spoken and written interaction. People employ language to convey their intentions, share knowledge, and build relationships. It is a fundamental aspect of human interaction and plays a vital role in shaping societies and cultures. Without language, cooperation would be (3)____________, as it serves as the foundation for collaboration and understanding among diverse communities. Furthermore, language is dynamic and stationary, evolving over time to adapt to changing environments. New words are (4)____________ into the vocabulary, reflecting advancements in technology, science and culture. The ability to modify and adapt language is a key aspect of linguistic competence. (5)____________, the importance of language cannot be underestimated. It is a fundamental tool for human expression and interaction, facilitating the exchange of ideas and the formation of connections among people.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). challenges B). challenge C). challenger D). challenging

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Language is a powerful device that (1)____________ communication and interaction between individuals. It serves as a crucial tool for expressing thoughts, emotions, and ideas. (2)____________ richness of language can be observed in various forms, including spoken and written interaction. People employ language to convey their intentions, share knowledge, and build relationships. It is a fundamental aspect of human interaction and plays a vital role in shaping societies and cultures. Without language, cooperation would be (3)____________, as it serves as the foundation for collaboration and understanding among diverse communities. Furthermore, language is dynamic and stationary, evolving over time to adapt to changing environments. New words are (4)____________ into the vocabulary, reflecting advancements in technology, science and culture. The ability to modify and adapt language is a key aspect of linguistic competence. (5)____________, the importance of language cannot be underestimated. It is a fundamental tool for human expression and interaction, facilitating the exchange of ideas and the formation of connections among people.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). integrity B). integration C). integral D). integrated

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Language is a powerful device that (1)____________ communication and interaction between individuals. It serves as a crucial tool for expressing thoughts, emotions, and ideas. (2)____________ richness of language can be observed in various forms, including spoken and written interaction. People employ language to convey their intentions, share knowledge, and build relationships. It is a fundamental aspect of human interaction and plays a vital role in shaping societies and cultures. Without language, cooperation would be (3)___________, as it serves as the foundation for collaboration and understanding among diverse communities. Furthermore, language is dynamic and stationary, evolving over time to adapt to changing environments. New words are (4)____________ into the vocabulary, reflecting advancements in technology, science and culture. The ability to modify and adapt language is a key aspect of linguistic competence. (5)____________, the importance of language cannot be underestimated. It is a fundamental tool for human expression and interaction, facilitating the exchange of ideas and the formation of connections among people.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). In conclusive B). In any case C). In order to D). In spite of

**Correct Answer: B**